तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 14 जून 2025

04 पीएम आवास योजना के तहत गठित की गई 253...



04 सर्व आदिवासी समाज ने युक्तियुक्तकरण का किया...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तर पर स्थानान्तरण के लिए समिति गठित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 जारी की गई है। जिला स्तर पर स्थानान्तरण 14 जून से 25 जून तक जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से कलेक्टर द्वारा जारी किया जाएगा। जिला स्तर पर विभिन्न विभागों से प्राप्त स्थानान्तरण प्रस्ताव का परीक्षण किये जाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी वित्त, स्थापना, सीएमएचओ, जिला शिक्षा अधिकारी और अधीक्षक जिला कार्यालय को सदस्य बनाया गया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा स्थानान्तरण प्रस्ताव तैयार कर जिला कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे समिति द्वारा विस्तृत परीक्षण उपरांत प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त कर कलेक्टर द्वारा आदेश जारी किए जाएंगे।

### युवती ने खाया जहर अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सीएचसी पखांजुर में इलाज के दौरान 20 वर्षीय पडरी पद्दा का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था, जिससे उसकी 11 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डूबने से हुई बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** तहसील पखांजुर के तहत मुरावंड निवासी 60 वर्षीय मनारो उसेंडी की डूबने से 11 जून को मौत हो गई। मुरावण्ड निवासी मानसिंह उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतिका पानी में डूब गई, जिससे उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है।

### महिला ने लगाई फांसी इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर से अस्पताली मेमो पेश कर कांकेर पुलिस को बताया गया कि 35 वर्षीय कुंती बाई अरोसिया ने फांसी लगा ली थी, जिससे ईलाज के लिए कांकेर लाया गया था, उसकी 12 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात कारणो के चलते युवक ने खुदकुशी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत 25 वर्षीय परमानंद मंडावी ने अपने घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अंजनी निवासी बिदेसिंह मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक परमानंद ने अपने कमरे के म्यार में फांसी का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी किस वजह से लगाया, इसका खुलासा अभी नही हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विचेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय रोहत सरकार का 17 मई को मौत हो गई। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। युवक किस बीमारी के चलते अस्पताल लाया गया था, उसकी जांच जारी है।

### ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सीएचसी धनेलीकन्हार में इलाज के दौरान 45 वर्षीय सत्तुराम गोटा का 11 जून को मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि जहर खाने का कारण अभी तक अज्ञात है।

# जिला सहकारी बैंक के सामने पाइप लाइन से पानी हो रहा लीकेज, नहीं ले रहे सुध

## बैंक स्टाफ ने साधा मौन, एक सप्ताह से चल रही समस्या लीक हो रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शहर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सामने से गुजरी पानी की पाइप लाइन पिछले एक सप्ताह से लीकेज हो रहा है। रोजाना कइयों गेलन पानी बर्बाद हो रहा है। सड़कों में बह जाता है। एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी संबंधित विभाग का इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बैंक प्रबंधन इस नजारे को रोज देखता है, परंतु इसके सुधार के लिए कोई पहल नहीं करते हुए मौन साध लिया है।

पीने का शुद्ध पानी आज के समय में कितना अनमोल हो गया है, यह हम सबसे अछूता नही है। कांकेर में कई व्यापारी नियमों को ताक में रखकर पीने के पानी को बेचने में लगे है। खासकर गर्मी के दिनो में लोग एक एक बूंद पानी के लिए तरस जाते है। बात अगर कांकेर शहर की करे तो यहां पीने के पानी कि बहुत बड़ी समस्या है।

गर्मी के दिनो में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। हर घर नल लगाया गया है पानी का सप्लाई पाइप लाइन के माध्यम से सुबह शाम किया जाता है। कई जगहो पर कई कारणो से पाइप टूट जाता है या लीकेज हो जाता है। जिसके कारण पानी सप्लाई प्रभावित हो जाती है और घर में पानी कम पहुंचता है। गर्मी के समय में पानी के एक एक बूंद का सहेज कर रखना हम सबका कर्तव्य है।



### जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान

मुहल्लेवासियों का कहना है कि जिला सहकारी ग्रामीण बैंक के सामने से पाइप लाइन गई है और पिछले एक सप्ताह से लीकेज हो रहा है। रोजाना सुबह शाम कई गेलन पानी बर्बाद हो रहा है। यह नजारा सभी को दिख रहा है, परंतु सुधार के लिए जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है। बैंक प्रबंधन ने इसे ठीक करवाने के लिए कोई पहल नहीं कर रहा है, शायद मौन साध लिया है।

## गोरखधंधा : सूदखोर 5 से 20 प्रतिशत मासिक ब्याज पर बांट रहे हैं कर्ज

# जिले में बिना लाइसेंस की सूदखोरी चरम पर शिकायत करने नहीं आ रहे पीड़ित सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले में सूदखोरों से पैसा लेने वाले डर के चलते सामने नहीं आ रहे है। विगत दिनों एक दो मामले प्रकाश में आए थे, परंतु राजनीतिक व दबंगई के चलते मामला सेटल कर लिए गए थे। कई घर जहां बर्बाद हो चुके हैं, वहीं कई परिवार बर्बादी की कगार पर खड़े हैं। यह सूदखोर बिना किसी वैध लाइसेंस के लोगों को 5 से 20 प्रतिशत मासिक ब्याज पर कर्ज बांट रहे हैं।

छत्तीसगढ़ मनी लेंडिंग एक्ट 1934 के तहत बिना लाइसेंस के ब्याज पर पैसा देना गैरकानूनी है। दोषी पाए जाने पर जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है। लेकिन इस कानून का पालन शायद ही कभी होता है। पीड़ितों का कहना है कि कई सूदखोर स्थानीय रसूखदारों और जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में काम कर रहे हैं, इसलिए इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। बहरहाल मजबूरी की वजह से सूदखोरों की जकड़ आए कई परिवारों ने बताया कि इन सूदखोरों ने मोटा ब्याज वसूलने के बाद भी भविष्य के लिए रखे जमीन को भी अपने नाम कर लिए हैं। राजनीतिक पहुंच और पैसे के दम इनके ऊपर कोई कारवाई नहीं होती। स्थानीय लोगों के अनुसार, 2016 की नोटबंदी और 2020 के लॉकडाउन के बाद स्थानीय बैंकिंग व्यवस्था प्रभावित हुई। गरीब तबका जब बैंक से कर्ज नहीं ले सका, तब उसने सूदखोरों की शरण ली। तब से लेकर आज तक यह कर्ज कारोबार अनियंत्रित होता चला गया। कांकेर में भी आर्थिक रूप से कमजोर तबका मजबूरी में इनके पास पहुंच रहा है और फिर कर्ज के जाल में फँसता चला जा रहा है। कई पीड़ितों ने हरिभूमि को बताया कि अगर पुलिस ऐसे सूदखोरों के द्वारा शहर में कई जगह लावारिस ढंग से चार एवं दो पहिया वाहन रखे हुए है, उनकी जाँच शुरू हो जाएं तो इस खेल का संचालन करने वालों के चेहरे सामने आ सकते है।

### खास बातें

- सूदखोरों के आतंक से गरीब ऋणी हैं बेहाल, डर के चलते नहीं आते सामने
- कांकेर में चारपहिया वाहन रखकर कई सूदखोर खेल रहे हैं खेल




### पीड़ितों ने किया खुलासा

जिले में लंबे समय से सूदखोरों के आतंक को लेकर लोग भले ही खामोश रहे हों, लेकिन उन लोगों की कई बार चुप्पी तोड़कर थाने तक पहुँचे, परंतु डरा धमकाकर मामले को मैनेज किया जा चुका है। उधार के डर सामाजिक बदनामी और धमकियों के कारण कई लोग आज तक सामने नहीं आ पा रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी साहूकार इस धंधे को करते है और गरीब को परेशान करके उसकी जमीन को अपने नाम कर चुके है। परेशान लोग सामने आने को तैयार नहीं है, उनको डर है कि हमारे साथ साहूकार कभी भी अनहोनी कर सकता है।

### पुलिस के पास नहीं कोई रिकॉर्ड

जानकारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिकतर सूदखोर अवैध रूप से पैसे का लेन-देन करते हैं। न तो उनके पास मनी लेंडिंग लाइसेंस होता है और न ही कोई कागजी रिकॉर्ड, इसलिए उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई जिम्मेदार विभाग को करना मुश्किल होता है। पीड़ित जब तक लिखित में शिकायत नहीं करेगा, तब तक संबंधित विभाग कार्यवाही नहीं करेगा। शिकायत आते ही जिम्मेदार सूदखोर व साहूकार को खबर दे देंते है, उसके बाद सेटिंग और राजनैतिक संरक्षण का ऐसा खेला होता है कि शिकायतकर्ता आवेदन वापिस लेने के लिए बाध्य हो जाता है।

# नरेटीपारा में एक माह से बत्ती गुल, ग्रामीण हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंडावारी के आश्रित पारा नरेटीपारा में ट्रांसफार्मर खराब होने से एक माह से ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। विभाग के लोगों का अवगत कराने के बाद सुधार नहीं होने पर कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है।

- ग्रामीणों ने कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर बदलने की करी मांग

नरेटीपारा के ग्रामीण सुरेश कोवाची, मुकेश कोवाची, सताय बाई नरेटी, असमोतीन नरेटी, उर्मिला टांडिया, रीना पुडो, असवंती नेताम, अशवतिन नेताम, फगनीबाई सोनसाय, शिवराज, राजेश एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि एक माह से हमारे क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब होने से हम लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। हम लोगों ने इसकी जानकारी लाईनमैन को दिया और कार्यालय में फोन करके बताया गया था। एक माह में विभाग की नींद नहीं खुली। ग्रामीणों का कहना था कि यही मामला शहर का होता है, तो 24 घंटे में ट्रांसफार्मर लग जाता है। हम लोग एक माह से परेशान होने के उपरांत अंधेरा से निजात नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल शाखा दमकसा कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल संकट भी गहरा गया है और न तो मोबाईल चार्ज हो रहे है और न ही आनलाईन कोई काम हो पा रहा है। हम लोगों को दूसरी जगह जाकर मोबाईल चार्ज करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ▸▸| शेष पेज 02 पर



### एक-दो दिन में बिजली होगी बहाल

छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल दमकसा के कनिष्ठ यंत्री नरोत्तम राठिया ने बताया कि विद्युत बंद की जानकारी मिली है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। ट्रांसफार्मर एक-दो दिन में लगाकर सप्लाई को बहाल किया जाएगा।

# एडीईओ भर्ती परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ-25 भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 10067 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा के लिए जिले में 41 परीक्षा केन्द्र भी बनाया गया है। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

- कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों को सौंपा दायित्व

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गत दिवस 12 जून को शासकीय भानुप्रतापपुर स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में समस्त केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की दो पालियों में प्रशिक्षण तथा बैठक आहूत की गई, जिसमें केन्द्र क्रमांक 01 से 20 तक के लिए दोपहर 12 से 01 बजे और केंद्र क्रमांक 21 से 41 के लिए दोपहर 01 से 02 बजे प्रशिक्षण हुआ। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यवेक्षकों का दायित्व परीक्षा के आयोजन में अति महत्वपूर्ण है। गोपनीय सामग्री वितरण एवं केंद्र के विभिन्न प्रपत्रों में भी उनके हस्ताक्षर लगते हैं, जिसे पूर्ण करते हुए परीक्षा संपन्न कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्रों में बैठक क्षमता अनुसार आवश्यक बैठक व्यवस्था के साथ बिजली, पानी, टायलेट इत्यादि की सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए संबंधितों को निर्देशित भी किए। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को अपील करते हुए कहा अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि 10 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस लाना अनिवार्य है।



# पति ने पत्नी से की जमकर मारपीट सास व ससुर ने दिया बेटे का साथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

मोहगांव में महिला के साथ पति ने शराब के नशे में मारपीट किया। पत्नी के साथ मारपीट करते हुए देख महिला के साथ सास व ससुर ने बचाव करने की जगह अपने बेटे का साथ दिया और बहू के साथ ही विवाद करने लगे। शिकायत पर पुलिस ने पति, सास व ससुर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंची हल्बापारा मोहगांव निवासी 32 वर्षीय कमलेश्वरी कोठारी पति कुबेर कोठारी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करती हूं। मेरा विवाह वर्ष 2010 में सामाजिक रीति रिवाज से कुबेर कोठारी निवासी मोहगांव के साथ हुआ है। उसके दो बच्चे हैं। पति शादी के एक साल बाद से आए दिन शराब पीकर छोटी छोटी घरेलू बात को लेकर लड़ाई व मारपीट करता था, जिस संबंध में समाजिक स्तर पर बैठक भी हुआ था। समाज वाले द्वारा मेरे पति को समझाइश देने के बाद भी मेरे पति नहीं मानते। मेरे पति 11 जून को रात में शराब पीकर आए और अंडा बनाने के लिए बोले। वह बोली अभी सब्जी बना ली हूं, अभी नहीं बनाऊंगी, कल सुबह बना दूंगी। ऐसा बोलने पर पति कुबेर कोठारी गुस्से में आ गया और जान से मारकर तुम्हें कुंआ में फेंक दूंगा कहकर ▸▸| शेष पेज 02 पर



- पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की विवेचना

# घरेलू विवाद और मामी के भड़कावे में आकर पति ने पत्नी से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

घरेलू विवाद के चलते पति ने पत्नी के साथ जमकर मारपीट किया। शादी के कुछ महिने बाद ही आरोपी पति का व्यवहार बदल गया और अपनी मामी के भड़कावे में आकर पत्नी के साथ मारपीट करता था। रोज रोज के मारपीट से परेशान पत्नी ने समाज का सहारा लिया, लेकिन वहाँ भी बात नही बनी। पत्नी हताश होकर थाना में पति व उसकी मामी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा मुल्ला निवासी 28 वर्षीय गीता सलाम पति जितेन्द्र सलाम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करती हूं। मेरा विवाह सामाजिक रीति रिवाज से मुल्ला निवासी जितेन्द्र सलाम के साथ हुआ है। हमारा एक बच्चा है। मै शादी के लगभग 5-6 माह तक मेरे पति के साथ अच्छे से रही, फिर मेरे पति को उसकी मामी बालोद जिला कि ग्राम उंकारी निवासी रेखा मंडावी के द्वारा मेरे खिलाफ भड़काने पर मेरे पति आए दिन शराब पीकर छोटी-छोटी घरेलू बात को लेकर मेरे साथ लड़ाई व मारपीट करता था, जिस संबंध में समाजिक स्तर पर बैठक भी हुई थी। समाज के पदाधिकारियों ने मेरे पति को समझाईश भी दिया, उसके बाद भी मेरे पति नहीं माने और बीच बीच में मेरे साथ मारपीट करता है। मै 12 जून को सुबह 6 बजें घर पर थी। मेरा उपयोगी समान जो बिना दरवाजा वाले कमरा में रखा था, तो मै अपने समान को मेरे पति के कमरा में ले जाकर रख रही थी। मेरे पति जितेन्द्र सलाम ने बोला कि मेरे कमरा अंदर सामान क्यों रख रही हो कहते हुए सामान को इधर उधर फेंक दिया और गाली देने लगा। जान से ▸▸| शेष पेज 02 पर



- घर में सामान रखने को लेकर हुई मारपीट, महिला को आई गंभीर चोटें

## कांकेर का तापमान 36 डिग्री पर हुआ स्थिर, उमस से बढ़ी दिक्कते

# दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की बनी अनुकूल परिस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पिछले 12 दिनों से मानसूनी बारिश नहीं होने से गर्मी फिर से झुलसाने लगी है। अचानक इतनी ज्यादा गर्मी बढ़ जाने की वजह से लोगों को जून महीने के दूसरे सप्ताह के पूरे दिन भीषण गर्मी का एहसास हुआ। खासकर उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है। यह मौसम लोगों के सेहत पर भी असर डाल रहा है, जिसकी वजह से अस्पतालों में सीजनल मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले 48 घंटे में दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। एक द्रोणिका पंजाब के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उड़ीसा के ऊपर 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम दिशा में ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। एक द्रोणिका उत्तर तटीय आंध प्रदेश और उससे लगे उड़ीसा के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से तटीय कर्नाटक तक छत्तीसगढ़, मराठवाड़ा, अंदरूनी कर्नाटक होते हुए 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 62 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। मौसम विभाग के कांकेर जिले में 14 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने तथा उत्तरी भाग में मामूली गिरावट होने की संभावना है।

- सीजनल मरीजों की संख्या में 20 प्रतिशत की हुई वृद्धि



### अस्पतालों में मौसमी बीमारी के 20 प्रतिशत मरीज बढ़े

मौसम का यह हालात लोगों का सेहत बिगाड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों व निजी क्लिनिकों में सीजनल मरीजों की भीड़ इन दिनों 20 प्रतिशत बढ़ गई है। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर निजी क्लिनिकों में मरीज बढ़े हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लोगों को पेट दर्द, बदन दर्द, फीवर जैसी समस्याएं आने लगी है। कई लोगों में डायरिया की शिकायतें भी आ रही है। मौसम में बदलाव की वजह से इस तरह की समस्याएं लोगों को घेर रही है।

### कूलर, एसी ने किया काम करना बंद

उमस और चिपचिपाहट भरी गर्मी की वजह से न एसी काम कर रहा है और न ही कूलर। दिन में हो या फिर रात में ऐसी स्थिति बनी हुई है। लोगों ने बताया कि कूलर और एसी के साथ पंखे भी पूरी स्पीड से चलाना पड़ रहा है। उसके बाद भी गर्मी से राहत जैसी स्थिति नहीं है।

# रेलवे प्रभावित किसानों ने सांसद को सुनाई अपनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

रेलवे प्रभावित किसानों ने भानुप्रतापपुर विश्रामगृह में सांसद भोजराज नाग से मुलाकात काते हुए उनको बताया कि दल्ली राजहरा से रावघाट परियोजना में जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसान जिन्हें नौकरी नहीं मिली, वे एक महीने से आंदोलनरत हैं। सांसद ने रेलवे प्रभावित किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लिया व राज्य सरकार और केंद्र सरकार से चर्चा करके समस्या को हल करने का आश्वासन दिया। प्रभावित किसानों में शेखर यदु, गेंदलाल चक्रधारी, सहंगु कांगे, धरमू हुर्रा, रिखी राम मंडावी, तुलसी वट्टी, देशी राम, प्रकाश कोर्राम, लक्ष्मण, फागूराम मंडावी एवं जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, मंडल अध्यक्ष भानुप्रतापपुर डिगेश खापर्डे, जनपद सदस्य दुर्गुकोंदल पीलम नरेटी व ज्वाला प्रसाद जैन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### सर्पदंश से मृत्यु पर मिली आर्थिक सहायता

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु पर मृतक स्व रंजन विश्वकर्मा पिता लझरू विश्वकर्मा उम्र 42 निवासी मुरदण्डा तहसील उसूर के निकटतम वारिस उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री विश्वकर्मा को 4लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसलिंग आज

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर एवं आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्वरोजगार की संभावनाओं से उन्हे सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। लाइवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षण के लिये 14 जून को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है।

### जिले में मना बाल श्रम निषेध दिवस



**बीजापुर।** बाल श्रम निषेध दिवस अंतर्गत राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्जवल भविष्य बनाये, अभियान चलाने के लिये निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ शहर में प्रचार-प्रसार के लिए भेजा गया। इस पर टीम की अगुवाई जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार द्वारा शहर के न्यू बस स्टैंड बीजापुर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम का पापलेट बांटते हुए दुकान, होटल, ढाबों में जाकर चेक किया गया कि श्रमिकों अथवा नौकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया।

# नमक घोल से धान बीज चयन की विधि का किया जीवंत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोटेनार एवं बड़े तुगांली, विकासखंड भैरमगढ़, जिला बीजापुर में कृषि विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पोटेनार में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम की जनप्रतिनिधि पायके आलम, सरपंच एवं पांडू राम आलम, उप सरपंच की उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत बड़े तुगांली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सरपंच संतोष लेकाम, उप सरपंच श्यामलाल कोहरामी एवं पंच पायकु लेकाम शामिल रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग के संभाग स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी एम. एस. ध्रुव, संयुक्त संचालक कृषि जगदलपुर की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने किसानों से धान बीज की किस्मों पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। बीजापुर से सहायक संचालक कृषि कृष्ण कुमार सिन्हा, कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर से वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर एवं विकासखंड भैरमगढ़ से दीपक कुमार जैन , रोहित राणा , मनोज कुमार तिवारी एवं रवि भास्कर कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही उद्यान विभाग से आर. के. तारम , पशु चिकित्सा विभाग से राजेश यदु, कु. गायत्री सेंगर एवं सुश्री अर्थी आड़े ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न हितकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं उनकी समस्याओं का समाधान सुझाया। कृष्णा सिन्हा द्वारा प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जीवामृत, बिजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की निर्माण विधि एवं उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर द्वारा 17 प्रतिशत नमक घोल से धान बीज चयन की विधि का जीवंत प्रदर्शन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा आम के पौधों पर कलम विधि का प्रदर्शन कर किसानों को तकनीकी जानकारी दी गई।

**पोटेनार एवं बड़े तुगांली में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन**



**योजनाओं की दी जानकारी**

ग्राम पोटेनार की सरपंच पायके आलम ने बताया, यह पहला अवसर है जब ग्राम में शासन द्वारा ऐसा कार्यक्रम आयोजित हुआ है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर किसानों को योजनाओं की जानकारी व समाधान देने पहुंचे। यह हमारे ग्राम के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी विभागीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग रहा।

## अंदरूनी ग्रामों में पीडीएस का लाभ लोंगो को मिल रहा

# दारेली में मिला चार माह का राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- ग्रामवासियो में शासन, प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले के पहुंचविहीन केंद्र दारेली जो नियद नेल्लानार अंतर्गत चयनित है उक्त ग्रामों में ट्रैक्टर के माध्यम से राशन सामग्री मूल पंचायत में भंडारण कर वितरण कराया जा रहा है शासन की अति महत्वपूर्ण योजना पीडीएस का लाभ लोगों को अंदरूनी क्षेत्रों में भी मिलने लगा है। ज्ञात हो कि शासन की अति महत्वपूर्ण योजना नियद नेल्लानार के तहत अंरदरुनी क्षेत्र में पीडीएस का लाभ दिलाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सड़क मार्ग नहीं है वहां पर भी ट्रैक्टर के माध्यम से राशन मूल पंचायत में पहुंचा कर वितरण किए जाने के कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर चार माह का राशन सामग्री ट्रैक्टर के माध्यम से भंडारण कर वितरण कराया जा रहा है जिससे ग्राम ग्रामवासी मूल पंचायत में राशन मिलने पर बहुत ही खुश हैं ।

जिले में नियद नेल्लानार योजना प्रारंभ होने के बाद 22 दुकानों को उनके मूल पंचायत में शिफ्ट कर राशन सामग्री कार्डधारियों को मूल पंचायत में उपलब्ध कराया जा रहा है उन स्थानों के लिए जिला खनिज न्यास निधि एवं अन्य विभाग योजनाओं से 36 गोदाम स्वीकृत कर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है आगामी बारिश के पश्चात गोदाम निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया जाएगा एवं पहुंचविहीन दुकानों की संख्या भी अगले वर्ष कम हो जाएगी खाद्य अधिकारी गवेल ने बताया कि 22 दुकाने ऐसे हैं जो 20 से 25 किलोमीटर दूर तक पैदल, बैलगाडी लेकर जाना पड़ता था एडापल्ली बडेकाकलेड कोण्डापल्ली चिल्कापल्ली पाकेला, पुजारीकांकेर, कावड़ गांव पीडिया, छुटवाही, धर्माराम, केरपे, जैसे गांव में राशन सामग्री पंचायत में भंडारण कर वितरण कराया जा रहा है जिसे अंदरूनी ग्रामों में भी शासन की अति महत्वपूर्ण योजना पीडीएस का लाभ लोंगो को मिल रहा है जिससे राशनकार्डधारी उपभोक्ता एवं ग्रामवासियो में शासन, प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ है।





**70 पहुंचविहीन केंद्र चिन्हांकित**

जिले के खाद्य अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने बताया कि बीजापुर जिले में 70 पहुंचविहीन केंद्र चिन्हांकित किए गए हैं जहां पर बारिश के दौरान आवागमन बाधित होता है सड़क मार्ग नहीं है ऐसे चयनित स्थलों पर खाद्यान्न का एक मुक्त भंडारण कर 4-6 माह का कार्ड धारी उपभोक्ताओं को राशन सामग्री वितरण किया जाता है जिससे उन्हें नदी नालों पर पार करके राशन लेने की आवश्यकता न हो एवं एकमुस्त राशन उन्हें मिल पाता है जिले में चयनित दुकानों में राशन सामग्री का भंडारण वितरण का कार्य उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला डायरिया का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशों का पालन करते हुए एवं डीपीएम रीना लक्ष्मी के मार्गदर्शन में शहरी स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारपारा के महिला बाल विकास विभाग के सभागार में शहरी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक प्रशांत श्रीवस्तव, नरेश मरकाम के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को डायारिया पखवाड़ा का प्रशिक्षण दिया गया। पर्यवेक्षक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं को डायरिया के लक्षण बचाव एवं घरेलू उपचार को विस्तार पूर्वक समझाया। छोटे बच्चों में डायरिया से होने वाली अचानक मृत्यु को कम करने के तरीके बताए। पर्यवेक्षक द्वारा प्रत्येक वार्डो में नारा लेखन करने हेतु मितानीनों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोस्टर पाम्पलेट वितरित कर जनजागरुकता लाकर प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक करने हेतु प्रेरित किया। यह पखवाड़ा 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रो में जिनके घरों शून्य से 5 वर्ष के बच्चो के परिजनों को जिंक की दवा एवं ओआरएस पैकेट दिया जाएगा। पखवाड़ा में जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरटी कार्नर बनाया जाएगा, जिसमें डायरिया से प्रभावितों का तत्काल इलाज करने की सुविधा रहेगी। उक्त जानकारी शहरी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने दी है।

# रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय धारिणी

- रक्तदान करने में हिचकिचाती महिलाएं को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रक्तदान करने से अब तक कतराने वालों के लिए शहर की एक महिला रक्तदाता रोल मॉडल बन गईं हैं। लगभग 15 साल से ज्यादा समय से रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय धारिणी तिवारी अब तक 44 बार रक्तदान कर चुकी हैं। वे अपने साथ लगभग 300 से ज्यादा महिलाओं की टीम भी खड़ी कर चुकी हैं, जो जरूरत पड़ने पर सूचना मिलते ही रक्तदान करने पहुंच जाती हैं। यही नहीं, उनके साथ लगभग एक हजार से ज्यादा लोग बतौर रक्तदाता जुड़े हुए हैं और अब तक वे करीब 5 हजार से ज्यादा लोगों तक रक्त मुहैया करवा चुकी हैं। लगभग 17 वर्ष पहले अपने पिता के लिए रक्तदान करने के बाद वर्ष 2014 में पति के लिए भी रक्तदान किया। पति को कैंसर होने से हालांकि वे बचाए नहीं जा सके, लेकिन धारिणी ने रक्तदान को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया और इसके लिए वे पूरी तरह से सक्रिय होकर लोगों की सेवा में जुट गई हैं। धारिणी का ब्लड ग्रुप ओ-पॉजीटिव है। एक महिला होने के बावजूद उन्होंने रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाई। इसके साथ ही उन्होंने दूसरी महिलाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना शुरू कर दिया।

# रक्तदान करना ही एक नई जिंदगी बचाने का प्रयास

- मनीष ने 35 बार किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर निवासी मनीष मूलचंदानी वर्ष 2006 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे अब तक स्वयं 35 बार रक्तदान कार्य किया है साथ ही जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाता हैं ताकि किसी की जिंदगी बचाई जाती है। रक्तदान करने से न केवल मरीजों को लाभ होता है, बल्कि यह सभी समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। रक्तदान के क्षेत्र में उनके परिवार के सभी सदस्य अमृता, राजकिरन, रवीना रक्तदाता हैं। मनीष को नगर के सभी अस्पताल, रेडक्रास, रोटरी क्लब, स्कुल संस्थान, सामाजिक संगठन द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में कार्यक्रम करने हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से भी रक्तदान हेतु प्रशंसा प्रत्र प्राप्त हुआ हैं। उनका अनुभव रक्तदान करने का बहुत अच्छा रहा रक्तदान से पता चला कि रक्तदान करना कितना आसान है और रक्तदाता के रक्त की पूरी जांच भी हो जाती हैं, नियमित रूप रक्तदान करने से बहुत सी छोटी-बड़ी बीमारी तो नहीं होगी एवं शरीर में नए रक्त का संचार होता हैं। रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर देता है। सभी नवयुवकों एवं युवतियों, महिलाओं को आग्रह करते हैं कि रक्तदान करें और एक जिंदगी बचाने में योगदान करें।

# फसल चक्र परिवर्तन से खरपतवारों का नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

- विकसित कृषि संकल्प अभियान का मड़वाही में समापन



विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को सुकमा जिले के ग्राम चिंगावरम, नागारास, बोदारास, उरमापाल, मड़वाही एवं नुलकातोंग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 दिनों तक चले विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन कोंटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मड़वाही में जिला पंचायत के स्थायी समिति के सभापति सोयम मुक्का की अध्यक्षता में किया गया।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में चल रहे जिलास्तरीय कार्यक्रम में 800 से अधिक किसानों को कृषि विभाग, पशुपालन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा बीज उत्पादन, 17 प्रतिशत नमक घोल से बीज उपचार एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारी हेतु कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्राकृतिक खेती में फसलों के पोषक तत्व की आपूर्ति हेतु जीवाणु खाद फसल अवशेष और प्रकृति में उपलब्ध खनिज जैसे रॉक फास्फेट का उपयोग किये जाते हैं। इनके खेत में उपयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों की वृद्धि के साथ-साथ जैविक गतिविधियों का विस्तार होता है। प्राकृतिक खेती में बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र, दशपर्णी अर्क का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही जैविक खेती में जैव उर्वरक अंतर्गत नील हरित काई, राइजोबियम कल्चर, एजोस्पाइरिलम, एजोटोबैक्टर, स्फूर घोलक जीवाणु (पीएसबी), कचरा अपघटक का उपयोग किया जाता है। किसानों को पोषक तत्वों से भरपूर लघु धान्य फसलों के बढ़ती मांग को देखते हुए रागी, कोदो, कुटकी की फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को बताया गया कि आधुनिक जीवन शैली में बीमारियों मधुमेह, अल्सर, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमरियों को रोकने के लिए लघु धान्य फसल पौष्टिक एवं गुणकारी है। किसानों को धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने से होने वाले फायदे के संबंध में बताया गया। फसल चक्र परिवर्तन से खरपतवारों का नियंत्रण आसानी से हो जाता है। वहीं कीटों का प्रकोप भी कम होता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत मृदा परीक्षण के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसानों को अपने खेतों का मृदा का परीक्षण अवश्य कराना चाहिए।

पेज 03 के शेष...

### नरेटीपारा में एक...

बताया कि विभाग को बार-बार अवगत कराने के बाद भी विद्युत मंडल ध्यान नहीं दे रही है। कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपने के बाद भी पहल नहीं होता है तो हम लोग मजबूरन चंदा एकत्र करके कांकेर जाने के लिए मजबूर होंगे।

### पति ने पत्नी से...

धमकी देने लगा। गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया और बांह को दांत से काट दिया। उसकी सास भागबाई कोठारी व ससुर सुकचंद कोठारी भी अपने बेटे कुबेर कोठारी के साथ मिलकर गाली दिए। मेरे पति द्वारा मारपीट करने से मेरे गला में, बांए कंधा, घुटना, सिर में चोट लगा है, दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कुबेर कोठारी, सुकचंद कोठारी, भागबाई कोठारी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घरेलू विवाद और...

मार दूंगा कहते हुए मेरे बाल को पकड़कर जमीन में घसीटते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट किया है। मेरे पति की मामी ने भी मुझे गाली दिया और मारपीट किया। मारपीट करने से मुझे सिर व कंधा में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र सलाम और रेखा मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

# शाला प्रवेश से पूर्व सर्वांगीण विकास के लिए हो रहा शिक्षक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एनईपी राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 एवं एनसीएफ के विषय में विस्तृत अध्ययन किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र से आए शिक्षाविद मनोहर एस पाटिल ने शिक्षा से व्यक्तिव मे आए उत्कृष्ट बदलाव को उदाहरण देते हुए बताया। राष्ट्रीय शिक्षा निति के तहत सिखने की उत्कृष्टता के तत्व ज्ञान, क्षमता, मूल्य एवं प्रकृति या स्वभाव के बारे में विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है, जिससे स्कूल पुनः प्रारंभ होने के बाद पैराडाइज स्कूल के प्रत्येक छात्र-छात्राओं को विशिष्ट एवं उपयोगी ज्ञान, उन्नत क्षमता विकास, सामाजिक एवं नैतिक मूल्य के प्रभावशाली शिक्षण से सम्पूर्ण व्यक्तित्व के परिवर्तन से उन्हे राष्ट्र के बहुमूल्य मानव संसाधन बना सकें। जिसे वसुधैव कुटुंबकम को चरितार्थ कर सकें। शिक्षक प्रशिक्षण एवं कार्यशाला के अंतर्गत स्कूली शिक्षा के उद्धेश्य अंतर्गत बच्चों में तर्क सम्मत सोच, स्वतंत्र विचार, आत्मनुशासन, स्वास्थय, जनकल्याण, देश एवं समाज के आर्थिक प्रगति मे अपनी भागीदारी, प्रजातंत्र मे प्रचंड आस्था, देश के सांस्कृतिक उन्नति के द्वारा अपना आदर्श जीवन जीने का कला का शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान किया जा राह है। इस प्रशिक्षण मे बच्चों को सभी विषयों के समुचित ज्ञान को विभिन्न शिक्षण विधियों एवं सहायक सामग्रीयों के माध्यमों से कठिन से कठिन पाठ्यवस्तु को सरल से सरल ढंग से कैसे शिक्षण प्रदान की जावे इसका भी प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। पैराडाइज स्कूल के सम्पूर्ण छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए दी जा रहीं शिक्षक प्रशिक्षण में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।

इस प्रशिक्षण में वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र पढ़ाई, वर्षा रमानी, एस.मर्सी, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, तीरथ साहू, संगीता भारती, सरिता मिश्रा, शिखा मेहरा, अनिल कुमार ढाके, शांती लीना नेताम, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, पार्वती गजबल्ला, अभिनव सिंह, सुकदेव सरकार, सलमा खान, पेकटेश, लक्ष्मीनारायण नामदेव, निशा जायसवाल, सलेम कुमार राम, मेघा सेवा, यमुना बिलोधिया आदि शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है।

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद | |
| केशकाल शहर | 2 पद | वेतन 10000/- |
| कांकेर शहर | 3 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, केशकाल शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें 9098324969

जगदलपुर - 9098324969
कोण्डागांव - 9098324969
केशकाल - 9098324969
कांकेर - 7000955574

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### घर से रात को नाबालिग हुई लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। परिजन ने इसकी शिकायत चारामा थाना में किया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर नाबालिग की तालाश में जुट गई। अपहरण हुई नाबालिक के परिजन ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करती हूं कि मेरी नाबालिग लड़की 10 जून की रात घर में सभी के साथ बैठकर खाना खाई। खाना खाने के बाद रात साढ़े 9 बजें सोने के लिए अपनी दादी के कमरे में चली गई। रात लगभग 1 बजे जब में उठकर देखी तो मेरी बेटी घर पर नहीं थी। घर के अंदर व बाहर आसपास देखने पर भी कहीं पता नहीं चला। बेटी के लापता होने की जानकारी परिवार के सभी सदस्यों को दिया। हम लोग अगले दिन रिश्तेदारों के यहां भी पता किया लेकिन कोई जानकारी नही मिली। मेरी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपरहण कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## निधन

### रामदेव कोर्राम



**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम बनसागर निवासी 50 वर्षीय रामदेव कोर्राम का 12 जून को निधन हो गया। वो हायर सेकंडरी स्कुल पटौद में व्याख्यता के पद पर पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रमीण व रिस्तेदार उपस्थित रहें।

# किसानों को परंपरागत खेती की जानकारी दी और जैविक खेती के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में जिला स्तरीय विकसित कृषि संकल्प अभियान समापन 12 जून को परंपरागत कृषि विकास योजनांतर्गत ग्राम पंचायत चिहरो में आयोजित किया गया। कृषि विभाग से जितेंद्र कोमरा उप संचालक कृषि कांकेर के द्वारा विभाग में संचालित खरीफ फसल एवं योजनाओं के बारे में बताया गया। सुधीर कुमार दादौरिया सहायक संचालक के द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान से संबंधित विस्तार से जानकारी दिया गया। जिला स्तरीय विकसित कृषि संकल्प अभियान के समापन में डॉ अनिल नेताम सहायक प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय कांकेर के द्वारा जैविक खेती, परंपरागत खेती के बारे में, जैविक खाद के बारे में बताया गया। अजय तिवारी सहायक प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय कांकेर के द्वारा उन्नत खेती, विकसित धान के किस्मों के बारे में जानकारी दिया गया। शंभू लाल नरेटी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दुर्गुकोंदल संचालित योजनाओं का विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पुरे भारत देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद भारत सरकार के द्वारा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसानों कों उन्नत कृषि में एवं कृषि सम्बंधित अनेकों जानकारी के लिए जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे।

## जिला स्तरीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का सफल समापन



### संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान एक समग्र पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रयोग शाला से खेत तक जाकर उन्नत एवं संतुलित कृषि के संबंध में किसानों को जागरूक करेंगे तथा किसानों से भी सुझाव लेंगे। इसका उद्देश्य कृषि के आधुनिकीकरण के लिए किसानों को कृषि की नई विधियों, सरकारी योजनाओं के लाभों और नई तकनीकियों के बारे में जागरूक करना है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, अध्यक्षता सरपंच चिहरो मीना बाई दुग्गा एवं विशेष अतिथि देवलाल दुग्गा, पीलम नरेटी, विकास राजू नायक, सुलोचना सोमदेव कोरेटी, बलराम टेपरिया, प्रिया वाडिवा, विजय पटेल, शिवलाल ध्रुव, नरोतम चौहान, लतीफ पिद्दा, निरंजन नरेटी, मनोहर चंद्रवंशी, डोमेंद्र धारीवाल, रुपेश नेताम, सुरेन्द्र कुमार भोय, नैश्वर्य साहू, कमलेश पद्माकर, हलधर नेगी, प्रसनजीत वैद्य, संजय मंडल, प्रेमानंद विश्वास, दिलीप सोनकर, पुष्पा तारम, संदीप शोरी, बिंदा शोरी, विश्व देव बंजारा एवं क्षेत्र के कृषकों की उपस्थिति रही।

## योजना : सुदूर पंचायतों में आवास निर्माण में तेजी लाने की पहल

# पीएम आवास योजना के तहत गठित की गई 253 टोलियां, निर्माण कार्य में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- युवाओं को प्रशिक्षण, महिलाओं को आजीविका, निर्माण कार्यों को मिलेगी गति



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जिले में 37932 हितग्राहियों के आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध 29720 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिले के सुदूर क्षेत्रों में स्थित पंचायतों में 4718 आवास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इन पंचायतों में राजमिस्त्री की कमी एवं निर्माण सामग्री परिवहन में कठिनाई को देखते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार ऐसे ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण में प्रगति लाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एनआरएलएम तथा मनरेगा के अभिसरण से आवास टोली का गठन किया गया है।

जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवास टोली में गांव के युवा तथा एनआरएलएम की महिला स्व सहायता समूह के सदस्य शामिल है, जिससे आवास निर्माण के साथ ही युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार मिल रहा है। आवास टोली के माध्यम से हितग्राहियों को निर्माण सामाग्री एवं निर्धारित दर पर मिक्सचर मशीन तथा सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध कराने में सहायता की जा रही है, जिससे की महिला स्व सहायता समूहों की सक्रियता बढ़ी हैं तथा उनकी आजीविका में वृद्धि हुई है। जिले में 253 आवास टोली का गठन किया गया है, जिसमें कुल 1760 सदस्य शामिल है। आवास टोली में स्व सहायता समूह की 280 महिला सदस्य भी शामिल है, जिसमें से 14 सदस्य मिक्सचर मशीन प्रदाता एवं 32 सदस्य सेंट्रिंग प्लेट प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। आवास टोली का कार्य - प्रत्येक आवास टोली में एक प्रशिक्षित राज मिस्त्री रहेगा जो गाँव के अन्य युवाओं को टोली के सदस्य के रूप में रखकर कार्य करते हुए प्रशिक्षण प्रदाय करेगा। एक आवास का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक उक्त आवास टोली उसमें कार्य करेगा। तत्पश्चात उस टोली के प्रशिक्षित युवा अन्य टोली के मुखिया के रूप में कार्य कर सकेगा। प्रत्येक आवास टोली में महिला को भी रखा जा सकता है। आवास टोली के सदस्य किसी हितग्राही के आवास निर्माण सामाग्री की व्यवस्था करने में सहयोग प्रदान करेंगे परन्तु इसका भुगतान हितग्राही द्वारा ही किया जायेगा एनआरएलएम के महिला समूह आवास टोली के सदस्य के रूप में कार्य कर सकते है।

### हितग्राहियों को करेंगे प्रोत्साहित

एनआरएलएम के महिला समूह के माध्यम से मिक्सचर मशीन सेंट्रिंग प्लेट निर्धारित दर पर किराए से हितग्राही को उपलब्ध कराएंगे। एनआरएलएम के महिला समूह के सदस्य योजनान्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य बंद हुए आवासों को पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित करेंगे। आवास टोली में शामिल प्रशिक्षणार्थीयों को पृथक से मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा। मनरेगा के तहत हितग्राही को मिलने वाली मजदूरी राशि का भुगतान हितग्राही की सहमति से आवास टोली के सदस्यों को किया जा सकता है। आवास निर्माण के लिए निगरानी का कार्य योजना के नियमों के तहत तकनीकी सहायकों द्वारा ही किया जाएगा।

# खनिज न्यास निधि व अन्य निर्माण कार्यों की अनुविभागीय अधिकारी ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अंतर्गत खनिज न्यास निधि एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत के जनपद के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें विकासखंड दुर्गूकोदल के 44 ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव उपस्थित रहे।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी गंगाधर वाहिले ने समीक्षा करते हुए सरपंच सचिव को निर्देशित किया कि विकासखंड में खनिज न्यास निधि एवं अन्य निर्माण कार्य जिसमें सड़क, पुल, पुलिया, देवगुड़ी गोटुल भवन, आंगनबाड़ी एवं अन्य कार्यों को समय सीमा व एक महीने के भीतर लंबित निर्माण कार्यों को पूरा करने को कहा गया। वहीं सभी निर्माण कार्यों में गति लाने की निर्देशित किया गया। साथ ही सरपंच सचिव को निर्माण कार्यों को प्लान बनाकर काम करने के लिए निर्देश दिया गया। आने वाले 4 जुलाई को कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्य पूरा नहीं करने पर सरपंचों के प्रति धारा 40 के अंतर्गत कार्यवाही करने की बात कही गई। सचिवों पर प्रशासनिक कार्रवाई प्रस्तावित किया जाएगा।

बैठक में सीईओ सुरेंद्र बंजारे, पंचायत इंस्पेक्टर आरके किशोरे, सहायक अभियंता बुधपाल वासनिक, अंकुर बघेल, प्रमोद ठाकुर एवं समस्त तकनीकी सहायक एवं विकासखंड के समय सरपंच व सचिव उपस्थित उपस्थित रहे।

# अटल डिजिटल सेवा केंद्र एवं बस स्टैंड में सीसी का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत संबलपुर में 12 जून को अटल डिजिटल सेवा केंद्र एवं बस स्टैंड कंक्रीट कारण दोनों ही कार्यों का एक साथ भूमि पूजन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 12 संबलपुर में सीसी रोड के लिए 10 लाख की घोषणा स्वीकृति प्रदान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि यह अपने आप में एक बेमिसाल पवित्र स्थान है, जहां सिद्ध गणेश भगवान मंदिर मे विराजमान है और ग्राम पंचायत संबलपुर के विकास के लिए सरपंच एवं उप सरपंच दोनों ही विकास पुरुष है। लगातार अपने ग्राम पंचायत के विकास के लिए कुछ ना कुछ मांग पत्र व कार्य कराते रहते हैं। संबलपुर ग्राम पंचायत जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत में से एक हैं। विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है, आपको जो भी गांव के विकास के लिए चाहिएगा आपको हर संभव मदद करूंगी। छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार व केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार डबल इंजन की सरकार है, चिंता करने की कोई बात नहीं है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत संबलपुर की सरपंच अनिता रावटे, विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल सिंह राठौर, जनपद सदस्य संबलपुर गिरिजा देवी सिन्हा, उप सरपंच गौरव चोपड़ा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, नरोत्तम चौहान, लक्ष्मण कुलदीप, नरेंद्र शर्मा एवं ग्राम पंचायत के सभी पंचगण और स्वच्छता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सर्व आदिवासी समाज ने युक्तियुक्तकरण का किया विरोध, निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

- गोंडवाना भवन से तहसील कार्यालय तक किया मार्च, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सर्व आदिवासी समाज दुर्गूकोंदल में शुक्रवार को रैली निकालकर शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को रद्द करने की माँग किया है। गोंडवाना समाज भवन से तहसील कार्यालय तक रैली निकालकर नारेबाजी किया और राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन भी सौंपा। सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम, संरक्षक जगतराम दुग्गा, सचिव श्यामसिंह नरेटी, युवाध्यक्ष हरेश रावटे, जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा, गोंडवाना समाज के ब्लाक अध्यक्ष झाड़ूराम उयका ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, 2020 का पूर्णतः पालन करते हुए सन 2008 के सेटअप को यथावत रखा जाए और शिक्षा विभाग की ओर से जारी युक्तियुक्तकरण आदेश को तत्काल रद्द किया जाए। बस्तर संभाग के सभी प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं में पर्याप्त व विषयवार शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। इसके साथ ही दुर्गूकोंदल अंचल के किसानों को समय पर खाद-बीज नहीं मिल पा रहा है, इसलिए पर्याप्त मात्रा में भंडारण कर वितरण की माँग की गई है। दुर्गूकोंदल ब्लाक के निजी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कुछ लोग अवैध रूप से खाद-बीज का भंडारण कर बिक्री कर रहे हैं। ऐसे दुकानदारों के लायसेंस की जाँच कर कार्रवाई की जाए। क्षेत्र के तेन्दूपता संग्राहकों को अब तक पारिश्रमिक राशि का भुगतान नहीं किया गया है, इसे लेकर नारेबाजी करते हुए सर्व आदिवासी समाज ने तत्काल राशि व बोनस भुगतान की माँग की है। पाँचवीं अनुसूचित क्षेत्र में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर स्थानीय भर्ती के लिए जनजाति सलाहकार परिषद के द्वारा निर्णय करते हुए विधिक रूप से अनुसूचित क्षेत्र सेवा भर्ती निगम विधानसभा में पारित कर तत्काल स्थानीय भर्ती प्रारम्भ किया जाए।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के रमेश दुग्गा, धरम नरेटी, दुर्जन उयके, अश्वंत दुग्गा, टिकेश्वर नरेटी, दीपक कल्लो, बाबूलाल कोला, सियाराम पोटाई, ललित गोयल, प्रेमलाल खरे, विजय कोमरा, आनंद तेता, उदय पुरामे, कुबेर दर्रो, हरिवंश नरेटी, उमेश सलाम, मानसू आंचला, पीलाराम उयके, महत्तम दुग्गा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कोसरिया गांड़ा समाज ने स्कूली बच्चों में किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



कोसरिया गांड़ा समाज प्रदेश संगठन के द्वारा समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने बच्चों को कापी पेन वितरण कर प्रेरित किया जा रहा है। 11 जून को जिला मुख्यालय नारायणपुर में कोसरिया गांड़ा समाज के कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के 60 बच्चों को कापी पेन वितरण किया गया और बच्चों के शैक्षणिक गतिविधि जानने का प्रयास किया गया। कोसरिया गांडा समाज पिछले दो वर्ष से समाज में शिक्षा को बढ़ावा मिले, इसी उद्देश्य से बच्चों को कापी पेन वितरण कर रही है और साथ ही बच्चों के साथ समाज के पालकों को भी सजग किया जा रहा है।

कोसरिया गांड़ा समाज के प्रदेश संरक्षक टीकम टांडिया, जिलाध्यक्ष मोहला कलाराम कुलदीप, जिलाध्यक्ष नारायणपुर ललदू बेसरा व भकचंद कुलदीप ने कहा कि समाज को शिक्षित बनाने के लिए बच्चों के स्कूल के प्रतिदिन की गतिविधि पर नजर बनाकर रखें। स्कूल की हर गतिविधि को घर में बच्चों से पूछें। पालक भी शिक्षक और मित्र बनकर बच्चों की शिक्षा स्तर को मज़बूत कर सकते हैं। बच्चे हमारे भविष्य हैं, पालक अपने बच्चों को जो बनाना चाहेंगे, बच्चे उस लायक बनेंगे। कोसरिया गांड़ा प्रदेश सचिव आनंद माहवे ने समाज प्रमुखों और पालकों से कहा समाज को शिक्षित बनाने दृढ़ संकल्प लें। बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए शिक्षक के भरोसे ना रहें। पालक और समाज के प्रबुद्धजन भी शिक्षक की भूमिका निभाएं। इन्होंने कहा शिक्षा को समाज में बढ़ावा देना बेहतर समाज सेवा साबित होगी। इस अवसर पर देवराज नाग, राजेंद्र बेसरा, प्रेमलाल कचलाम, रामाधीन कुलदीप, भोला कचलाम, अनिल नाग, पंचम बेसरा, सुकमाराम, गनिता कुलदीप, इंदू बेसरा व सगाजन और समाज के बच्चे उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान को मिल रहा किसानों का समर्थन एवं विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान सफलतापूर्वक जारी है, जिसके तहत बुधवार को ग्राम पंचायत नरसापुरम, गोंदपल्ली , गुडरा, नेतानार, जीरमपाल एवं गोंदपल्ली में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, सभी प्रगतिशील कृषकों जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस के संवैधानिक आरक्षण को लागू करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो ईडब्ल्यूएस को संविधान में संशोधन कर 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जो केंद्र सहित सम्पूर्ण भारत में सभी राज्यों द्वारा लागू कर दिया गया है। केवल छत्तीसगढ़ राज्य में यह 2019 से अब तक लागू नहीं किया गया है। इसके कारण राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को इसका लाभ शिक्षण संस्थानों एवं नौकरियों में नहीं मिल पा रहा है। इसे केंद्र एवं अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की मांग सर्वसमाज द्वारा भानुप्रतापपुर पहुँचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को ज्ञापन सौंप कर किया गया। एडमिशन के लिए नव प्रवेशी छात्रों एवं नौकरी के लिए तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों द्वारा बनाए गए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाणपत्रों की राज्य के शिक्षण संस्थाओं एवं भर्तियों में कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है तथा छत्तीसगढ़ में ईडब्ल्यूएस वर्ग अपने आरक्षण से लगातार 7 वर्षों से वंचित होता चला आ रहा है। कुछ दिनों में नया शिक्षा सत्र पुनः प्रारंभ हो जाएगा, जिससे इस बार फिर से ईडब्ल्यूएस वर्ग के छात्र अपने वर्ग से शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो जाएंगे। छात्रों एवं अभ्यर्थियों को 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्राप्त नहीं होने के कारण वह मानसिक रूप से कुंठित, प्रताड़ित और निराशा का अनुभव कर रहे हैं।

### चुनावी घोषणा पत्र में था उल्लेख

ज्ञात हो कि सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों एवं अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया है अब इसे अविलंब लागू करने की आवश्यकता है, जिससे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश तथा सरकारी नौकरियों में छत्तीसगढ़ के निवासियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके एवं इस वर्ग को केंद्र सरकार के दृष्टिकोण अनुसार मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अवसर प्राप्त हो सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट

■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411